**टोंक में पकड़ा गया 300 किलो नकली मावा, शादी समारोह के लिए लाया गया था, जानें कहां से बनकर आया था?**



**टोंक.** राजस्थान में आज एक बार फिर से बड़ी मात्रा में नकली मावा पकड़ा गया है. यह कार्रवाई टोंक जिले के निवाई में की गई. खाद्य सुरक्षा टीम ने वहां से 300 किलो नकली मावा जब्त किया है. यह नकली मावा एक कार में जयपुर से किसी शादी समारोह के लिए लाया गया था. लेकिन मुखबिर की सूचना पर चिकित्सा विभाग की टीम पहले से ही वहां मौजूद थी. चिकित्सा विभाग की टीम ने मौके पर ही मोबाइल टेस्टिंग लैब में मावे के सैंपल की जांच की. जांच में पूरा मावा नकली पाए जाने पर उसे जब्त कर लिया गया.
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर के नेतृत्व में यह पूरी कार्रवाई की गई. सत्यनारायण गुर्जर ने बताया कि सूचना मिलने पर आज झिलाय रोड पर अशोक विहार कॉलोनी में छापा मारा गया. इस कार्रवाई में 300 किलो नकली मावा जब्त किया गया है. कार्रवाई के दौरान एक कार से 20-20 किलो की 15 थैलियों में नकली मावा मिला है.

Source: https://hindi.news18.com/news/rajasthan/tonk-big-action-by-medical-department-rajasthan-300-kg-fake-mawa-caught-at-niwai-tonk-check-details-ws-bkl-9234011.html